इंडिया डेवलपमेंट रिव्यू (आईडीआर) हिंदी

पद: सोशल मीडिया एसोसिएट

इंडिया डेवलपमेंट रिव्यू (आईडीआर) सामाजिक बदलाव और फिलन्थ्रॉपी से जुड़े विचारों और अनुभवों को सामने लाने वाला एशिया का सबसे बड़ा स्वतंत्र ज्ञान मंच है। हम विकास सेक्टर में काम कर रहे लोगों की चुनौतियों और अनुभवों को प्रकाशित करते हैं, ताकि असल मुद्दों पर विश्वसनीय और सार्थक संवाद को बढ़ावा मिल सके।

हम जमीनी कहानियों, फोटो-निबंधों, एक्सप्लेनर, कैपेसिटी-बिल्डिंग और हल्का-फुल्का जैसे विविध फीचर्स के जरिये सेक्टर और समाज से जुड़ी कहानियों को अलग-अलग अंदाज़ में प्रस्तुत करते हैं। हमारा उद्देश्य कठिन विषयों को भी ऐसी भाषा में कहना है, जो पाठकों के लिए सहज और समझने योग्य हो।

भूमिका विवरण:

आईडीआर हिंदी में सोशल मीडिया एसोसिएट के पद के लिए आवेदन आमंत्रित हैं। हम ऐसे अनुभवी व्यक्ति की तलाश कर रहे हैं, जिसे इस माध्यम की गहरी समझ हो और जो आईडीआर के मानकों के अनुरूप विभिन्न सोशल मीडिया मंचों पर एक सशक्त मौजूदगी की रणनीति तैयार करने में सक्षम हो। इसके अतिरिक्त, इस भूमिका में दैनिक पोस्टिंग तथा संबंधित आंकड़ों को सुव्यवस्थित करने जैसे काम भी संलग्न हैं।

यह पद उन आवेदकों के लिए उपयुक्त है, जो संपादकीय सामग्री को सरल और सुलभ बनाने में रुचि रखते हैं, सोशल मीडिया की संवेदनशील समझ रखते हैं, और डिजिटल संचार के क्षेत्र में काम करना चाहते हैं। आवेदन के लिए विकास सेक्टर में पूर्व अनुभव वांछनीय है, लेकिन अनिवार्य नहीं।

यह एक पूर्णकालिक पद है। आईडीआर की संचालन नीति के अनुरूप हमारी कार्य-प्रणाली गतिशील है। हालांकि, आपकी भगौलिक स्थिति के आधार पर कार्यालय में उपस्थिति की आवश्यकता हो सकती है।

मुख्य ज़िम्मेदारियां:

- आईडीआर के सोशल मीडिया मंचों के लिए प्रतिदिन सामग्री का प्रारूप तैयार करना, उसे सुव्यवस्थित रूप देना और तय समयानुसार प्रकाशित करना।

- सभी पोस्ट और कैप्शन में भाषा की सटीकता, स्पष्टता और एकरूपता सुनिश्चित करना।
- पोस्ट की योजना और प्रकाशन के लिए संपादकीय व विपणन टीम के साथ समन्वय बनाए रखना।
- सोशल मीडिया पर मूलभूत सहभागिता (लाइक, टिप्पणियां, शेयर) की नियमित निगरानी करना और अहम गतिविधियों की सूचना संबंधित टीम को समय पर देना।
- एक सुव्यवस्थित और अपडेटेड पोस्टिंग कैलेंडर तैयार रखना और उसका नियमित रखरखाव करना।
- सोशल मीडिया के नवीन रुझानों, प्रारूपों और सर्वोत्तम कार्य-प्रणालियों से निरंतर अवगत रहना तथा आवश्यकता अनुसार उन्हें काम में शामिल करना।

आवेदन करें, यदि आप:

- 3 से 6 वर्षों का प्रासंगिक कार्य अनुभव रखते हैं।
- उत्कृष्ट लेखन और संपादन कौशल रखते हैं।
- प्रमुख सोशल मीडिया मंचों की कार्य-प्रणाली की गहरी समझ रखते हैं।
- ब्रांड की भाषा, शैली और दिशा-निर्देशों के अनुरूप काम करने में सक्षम हैं।
- सूक्ष्म विवरणों पर सजग दृष्टि रखते हैं और निर्धारित समय-सीमा में काम पूरा कर सकते हैं।
- डिजिटल संचार में रुचि रखते हैं तथा निरंतर सीखने के लिए तत्पर हैं।
- डिज़ाइन उपकरणों (जैसे कैनवा) का अनुभव रखते हैं।

यदि आप व्यवस्थित तरीके से काम करने वाले, जिज्ञासु और डिजिटल दुनिया की अच्छी समझ रखने वाले व्यक्ति हैं, और आईडीआर के काम को अधिक से अधिक और विविध पाठकों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए उत्साहित हैं, तो यह भूमिका आपके लिए उपयुक्त हो सकती है।

आवेदन कैसे करें: अपना अपडेटेड सीवी और कुछ संक्षिप्त पंक्तियां—जिनमें आप बताएं कि आप आईडीआर में इस भूमिका में क्यों काम करना चाहते हैं—इस ईमेल पते पर भेजें: hindi@idronline.org

वेतन सीमा: ₹6,00,000 – ₹7,20,000 प्रति वर्ष